हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026



# पं.प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा के नाम पर 21 लाख की धोखाधड़ी, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा को लेकर एक और नया विवाद सामने आ गया है। वनांचल क्षेत्र अंबागढ़ चौकी की भोलेनाथ सेवा समिति ने ज्ञापन देकर हालेकोसा निवास दिनेश साहू के खिलाफ शिवपुराण कथा के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है। छुरिया पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है।

समिति का कहना है कि उनसे कथा के नाम पर अब तक 21 लाख रुपए लिए जा चुके हैं और 8 से 14 मई के बीच की तारीख दी गई थी, लेकिन सिहोर स्थित कार्यालय में जब इसको लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि भोलेनाथ सेवा समिति के नाम पर कोई बुकिंग ही नहीं की गई है। जिसके बाद ही दिनेश साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराने समिति ने आवेदन सौंपा है।

भोलेनाथ सेवा समिति ने आवेदन में बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ में होने वाली उनकी हर कथा में यह कहा जाता है कि हालेकोसा के माध्यम से बुकिंग ली जाती है। यही कारण था कि समिति ने दिनेश साहू से संपर्क कर शिवमहापुराण कथा के लिए पहले 24 फरवरी को पांच लाख रुपए दिए। जिसके बाद 11 मार्च को कथा के लिए 16 लाख रुपए दिए गए थे। पैसा दिए जाने के बाद दिनेश साहू द्वारा 8 से 14 मई के बीच कथा को लेकर तारीख भी बताई गई थी। इसी आधार पर समिति ने प्रशासन से अनुमति लेने एवं पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रचार का काम भी शुरू कर दिया था।

## हालेकोसा निवासी दिनेश साहू के खिलाफ समिति ने की शिकायत

### दूसरे आयोजक से पता चला मामला

समिति ने बताया कि तैयारियों के बीच ही उन्हें बालोद में शिवपुराण आयोजित कराने वाली समिति के एक सदस्य से यह जानकारी मिली कि जिस दिनांक में चौकी में शिवपुराण की तैयारी की जा रही है। उस अवधि में झारखंड में शिवपुराण होनी है। जिसके बाद इसकी पुष्टि के लिए समिति 6 अप्रैल को सिहोर पहुंचकर जानकारी हासिल की, तो पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यालय से जानकारी मिली कि चौकी में शिवपुराण को लेकर कोई पैसा जमा नहीं किया गया है। वहीं अब तक कोई कथा की तारीख भी तय नहीं हुई है। जिसके बाद ही धोखाधड़ी की पोल खुली।



फाईल फोटो

### पैसा वापस करने दिया समय

मामले के सामने आने के बाद आयोजन समिति ने हालेकोसा निवासी दिनेश साहू से संपर्क भी किया। जिसके बाद दिनेश साहू द्वारा सप्ताहभर के भीतर पैसा वापस करने की बात कही गई। तय अवधि में पैसा नहीं मिलने पर समिति ने उससे दोबारा संपर्क किया, जिस पर 4 से 5 दिन का समय वापस मांगा गया था। इस अवधि में भी पैसा वापस नहीं किए जाने के बाद समिति ने उससे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, परन्तु फोन नहीं उठाए जाने के बाद उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया है।

### अपराध दर्ज कर मामले की जांच

मामले में छुरिया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## रासायनिक और नैनो उर्वरकों की नई सीमा तय, बड़े किसानों की बढ़ेगी मुश्किलें

# खाद वितरण का फार्मूला बदला..मनपसंद नहीं, तय समूह के अनुसार ही मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच कृषि विभाग द्वारा रासायनिक एवं नैनो उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा की नई गाईड लाइन जारी कर दी गई है। कालाबाजारी को रोकने जारी की गई नई सीमा ने किसानों के बीच चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि अब खेतों के रकबे के हिसाब से खाद की मात्रा को सख्ती से सीमित कर दिया गया है। बताया गया कि छोटे किसानों को एकमुश्त खाद दे दिया जाएगा, लेकिन बड़े किसानों को खाद लेने के लिए दो से तीन चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। इसमें भी खेत के रकबे के अनुसार तय खाद ही दिया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव की प्रमुख फसलों के लिए प्रति एकड़ खाद की मात्रा तय कर दी गई है। जिससे अधिक पैदावार की उम्मीद रखने वाले किसान परेशान हैं। बताया गया कि उर्वरक समूह-1 के तहत धान की खेती हेतु 1 एकड़ के लिए एक बोरी यूरिया 45 किलो, 1 बोरी डीएपी और 1 बोरी पोटाश की पात्रता तय की गई है। वहीं मक्का के लिए 6 एकड़ के रकबे पर यूरिया की कुल पात्रता 6 बोरी निर्धारित है। जबकि दलहन के लिए यह मात्रा काफी कम एक बोरी रखी गई है। वहीं समस्या यह भी है कि पारंपरिक बोरियों के बजाय अब सरकार नैनो यूरिया 500 एमएल बोतल के उपयोग पर अधिक जोर दे रही है। जिससे भी किसान वर्ग नाराज है।

### खास बातें

- लघु किसानों को एकमुश्त और बड़े किसानों को दो बार में दिया जाएगा खाद
- समितियों को दी गई सूचना, चस्पा कर किसानों को दी जा रही सूचना



### पर्याप्त खाद उपलब्ध

जिले के सभी समितियां में पर्याप्त मात्रा में यूरिया डीएपी एसएसपी एनपीके पोटाश की मात्रा उपलब्ध है किसान भाई संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के साथ जैव उर्वरकों एवं पौधों के बढ़वार की अवस्था में नैनो यूरिया का उपयोग कर सकते है. ताकि मृदा स्वस्थ्य को टिकाऊ बनाया जा सके.

**- टीकम ठाकुर,**
सहायक संचालक, कृषि

### छोटे किसानों को राहत

बुवाई के समय किसान व्यस्त रहते हैं। ऐसे में समितियों के बार-बार चक्कर लगाना खेती के काम को प्रभावित करेगा। इसके साथ ही सीमित कोटा होने के कारण कई बार किसान निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हो सकते हैं। वहीं किसानों का तर्क है कि हर खेत की मिट्टी अलग होती है, इसलिए एक समान अनुशंसित मात्रा हर जगह काम नहीं कर सकती। यहीं कारण है कि अब किसानों से यह मांग उठने लगी है कि कि वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और किस्तों की अनिवार्यता को समाप्त कर एकमुश्त खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती की तैयारी समय पर पूरी हो सके।

**निजी के लिए नियम नहीं:** किसानों का कहना है कि सहकारी समिति में समूह के अनुसार ही खाद दिया जा रहा है। जबकि किसानों को समूह के बाहर अन्य खाद की जरूरत होने पर समितियों में खाद नहीं मिल रहा है। ऐसे में उन्हें निजी दुकान का ही रूख करना होगा। जिससे निजी दुकानदारों का ही फायदा होना नजर आ रहा है।

### दोबारा खाद लेने 20 दिन का करना होगा इंतजार

नए नियम अनुसार जिन किसानों के पास 5 एकड़ या उससे अधिक भूमि है, उन्हें यूरिया की पूरी मात्रा एक साथ नहीं मिलेगी। यूरिया का वितरण दो समान किस्तों में किया जाएगा। यदि किसान 10 जून तक पहली किस्त नहीं उठा पाते हैं, तो दूसरी किस्त के लिए उन्हें पहली किस्त उठाने के बाद कम से कम 20 दिन का इंतजार करना होगा। 10 जून से पहले उठाव करने पर ही 1 जुलाई से दूसरी किस्त मिल पाएगी। केवल 4 एकड़ तक की भूमि वाले किसानों को ही एकमुश्त खाद देने का प्रावधान है। खाद का बनाया गया समूह पांच एकड़ से अधिक भूमि होने पर खाद की मात्रा निकालने के लिए किसानों को जटिल जोड़-घटाव करना होगा। जैसे 18 एकड़ के लिए 5 एकड़ की मात्रा को 3 से गुणा कर उसमें 3 एकड़ की मात्रा जोड़ना कम पढ़े-लिखे किसानों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है। किस्तों में खाद मिलने के कारण किसानों को दो बार समिति या केंद्र के चक्कर लगाने होंगे। जिससे परिवहन लागत और समय दोनों बर्बाद होंगे। कई समूहों में सिंगल सुपर फास्फेट और नैनो डीएपी का कॉम्बो अनिवार्य जैसा कर दिया गया है। जबकि किसान पारंपरिक डीएपी को प्राथमिकता देते हैं।

---

# राशि को दोगुना कर लाभ दिलाने का झांसा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुजुर्ग महिला के साथ राशि को दोगुना कर लाभ दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में थाना लालबाग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया फगनीबाई साहू 65 वर्ष निवासी चमारराय टोलागांव द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी महेशराम वर्मा 49 वर्ष निवासी मोतीपुर तालाब के पास द्वारा स्वयं को निवेश एवं बीमा संबंधी कार्य से जुड़ा होना बताकर प्रार्थिया से वर्ष 2014, 2022 एवं 2023 में किस्तों के माध्यम से कुल 5,42,000 रुपए प्राप्त किए गए। आरोपी द्वारा उक्त राशि को निवेश कर दोगुना लाभ दिलाने का झांसा देकर विभिन्न बांड पेपर एवं दस्तावेज प्रदान किए गए। मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### लालबाग पुलिस की कार्रवाई

इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपी से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया से राशि प्राप्त करना स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपी द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करना पाए जाने पर पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए। पुलिस ने आरोपी महेशराम वर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर 7 मई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, 30 पौवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी से 30 पौवा शोले देशी शराब बरामद कर चिचोला पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस को 6 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम रंगीटोला से शराब खरीदकर बेचने हेतु ग्राम नारायणगढ़ जाने का मार्ग ग्राम लालबहादुर नगर के पास खड़ा है। मौके में जाकर देखने पर पुलिस गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसको घेराबंदी कर पकड़ा। नाम-पता पूछने पर अपना नाम वेदकुमार वर्मा उर्फ छोटे 23 वर्ष निवासी ग्राम नागतराई का रहने वाला बताया उसके कब्जे से एक पीला रंग सीमेंट प्लास्टिक बोरी में रखे 30 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कुल कीमती 2400 रुपए बरामद कर कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।


---

## खबर संक्षेप

### परीक्षा का आयोजन, 297 हुए शामिल

**राजनांदगांव।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पीपीटी 2026 परीक्षा का आयोजन गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक किया गया। शहर के दो केन्द्रों में आयोजित हुए इस परीक्षा में 450 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए नियमों के अनुसार सुबह 9.30 बजे से पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षार्थियों को कड़े जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अन्य अनावश्यक वस्तुओं को प्रतिबंधित किया गया। परीक्षा के लिए सुबह 9 बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों के बाहर पहुंच गए थे। परीक्षा के लिए 450 परीक्षार्थियों ने अपना नामांकन कराया था। जिसमें से 297 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 153 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

## माय एंगल



# छह घंटे में मिला नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

घर से बिना किसी को कुछ बताए लापता हुए नाबालिग की खोजबीन कर पुलिस ने छह घंटे के भीतर खोजकर परिजन के सुपुर्द किया है। जिससे परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना खैरागढ़ क्षेत्रांतर्गत एक प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका भांजा उम्र लगभग 16 वर्ष 5 माह 6 मई को प्रातः लगभग 6.45 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया है। परिजनों द्वारा आसपास के गांवों एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। प्रार्थी को संदेह था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग बालक को बहला-फुसलाकर संरक्षण से बिना अनुमति के कहीं ले जाया गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### छह घंटे के भीतर मिली सफलता

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते तत्काल पुलिस टीम गठित कर नाबालिग की पतासाजी हेतु क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म अवलोकन एवं संभावित जगहों पर पतासाजी की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते महज 6 घंटे के भीतर नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।

# फार्म हाऊस में हुक्का का धुआं उड़ाते छह पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक फार्म हाउस में हुक्का पीते छह आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार रात्रि में अड्डेबाजी चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक फार्म हाउस में दबिश दी गई, जहां आरोपी विशाल यादव 25 वर्ष, बाबू विश्वकर्मा 18 वर्ष, भूपेंद्र नायक 23 वर्ष, रोहन यादव 19 वर्ष, दक्ष ठाकुर 20 वर्ष व तारन निषाद 18 वर्ष सभी डोंगरगढ़ उक्त छह व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हुक्का का सेवन करते पाए गए।

**कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई**

जिस पर पुलिस द्वारा मौके पर कार्रवाई करते सभी के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सायबर अपराध, यातायात सुरक्षा की दी ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पुलिस टीम केसीजी द्वारा छुईखदान थाना क्षेत्र के ग्राम ओटेबंद व पंडरिया में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसके के तहत आमजन व जनप्रतिनिधि को विशेष रूप से सायबर अपराध, यातायात सुरक्षा एवं पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई।



पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 7 मई को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम केसीजी द्वारा थाना छुईखदान क्षेत्र के ग्राम ओटेबंद एवं पंडरिया में सायबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आमजन व जनप्रतिनिधि को साइबर फ्रॉड एवं नए आपराधिक कानून के सम्बंध में जानकारी, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारी दिया गया।

### मवेशियों को उचित स्थान पर रखने हिदायत

साथ ही आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत दिया गया, ताकि हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आमजन को यह भी बताया गया कि साइबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर पोर्टल पर दर्ज कराएं एवं पॉक्सो एक्ट की जानकारी दिया गया।

---

## कुत्तों के काटने के हर महीने कई मामले आ रहे सामने

# शेल्टर होम की व्यवस्था नहीं: सार्वजनिक स्थलों पर आवारा कुत्तों का झुंड, राहगीर हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का कहीं भी पालन दिखाई नहीं दे रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों के हिंसक झुंड का लोग शिकार हो रहे हैं। खासकर हिंसक कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों पर हमलावर है। इन कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के लिए कोई स्थाई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। ऐसे कुत्तों का बधियाकरण कर वापस इस क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। जिससे लोगों में नाराजगी भी है।

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी साफ दिखाई दे रही है। स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और कलेक्टोरेट कार्यालय सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर अब भी आवारा कुत्तों का झुंड नजर आता है। सार्वजनिक स्थलों से आवारा श्वानों को हटाकर शेल्टर होम में रखा जाना है, लेकिन शेल्टर होम में आवारा कुत्तों को नहीं रखा जा रहा है, बल्कि शेल्टर होम में कुत्तों का बधियाकरण करने के बाद उन्हें फिर से छोड़ दिया जाता है। स्कूलों के आसपास आवारा कुत्तों के मामले में निगरानी के लिए संबंधित स्कूल के शिक्षक को जिम्मेदारी गई है, लेकिन अभी भी स्कूलों के समीप और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों का झुंड दिखाई देता है।



### आधी रात करते हैं हमला

शहर में आवारा कुत्तों का झुंड रात में सड़कों पर दिखाई देता है। इस दौरान आवारा कुत्ते अकेले पैदल और मोटर साइकिल, साइकिल में चलने वाले लोगों पर अचानक हमला कर देते हैं। आधी रात काम से लौटने वाले लोगों और इमरजेंसी में घर से निकलने वाले आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हो जाते हैं।

### बच्चों की संख्या होती है अधिक

जिलेभर में बारिश के दिनों में प्रतिमाह कुत्तों के काटने के सौ से अधिक मामले सामने आते हैं। वहीं जिलेभर में कुत्तों के काटने के लगभग 12-15 मामले हर महीने आते हैं। इसमें ज्यादातर बच्चों की संख्या होती है। वर्षभर की बात की जाए तो लगभग डेढ़ हजार लोग कुत्तों के काटने के शिकार हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### बैठक में प्रभारी का स्वागत

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण मंडल भाजपा की मासिक बैठक आयोजित की गई।



बैठक में ग्रामीण प्रभारी अमित जैन, सह प्रभारी किरण बारले का स्वागत जिला मंत्री जैन कुमार मेश्राम, जिला किसान मोर्चा महामंत्री मनीष सोनी, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपकार साहू, तेजलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, रवि यादव, धर्मचंद वर्मा, कचरू हिरवानी, दिनेश वैष्णव, दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा, लखन जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष झूलेंद्र वर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, हरदेव वर्मा, बलदेव सिंह, नीरज छेदैया, हीराराम वर्मा, मुरली, नंदकुमार साहू, रामरतन, लखन देशलहरा आदि ने किया। बैठक में आगामी कार्य योजना पर चर्चा किया गया।

### भाजपा की बैठक में बनी कार्ययोजना

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा की मासिक बैठक का आयोजन गत दिनों किया गया। बैठक में अब तक किए गए कार्य की समीक्षा करते हुए आगामी



कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जनों से पश्चिम बंगाल, असम, पांडिचेरी के चुनाव में मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। बैठक में कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री डीकेश साहू, ने संगठनात्मक रूपरेखा पर मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर तरुण नायक, दिलीप साहू, किशोर यादव, नेहा जैन, मंडल अध्यक्ष भुवन साहु, अजय वैष्णव, दिनेश साहु, विजय जैन, मनीष साहु, देवलाल साहू, भानु सोनी, ममता पटेल, रेशमा साहू, डोमन दीपक पटेल, रोहित साहू, प्रीतम साहू, भावेश निक्की, टुमन साहू, उमेश साहू, डोमन पटेल, मनीष पटेल, घनश्याम साहू, उमाकांत चंद्रकार उपस्थित थे।

### आरटीओ शर्मा को विदाई

**डोंगरगढ़।** जिला बस एवं मिनी बस ऑपरेटर संघ राजनांदगांव द्वारा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा के विदाई समारोह में



जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री शर्मा को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री शर्मा का कार्यकाल सेवा, समर्पण एवं पारदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण से आमजन के बीच विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। इस अवसर पर आरटीओ आनंद शर्मा, एआरटीओ बर्मन, ध्रुव, प्रशांत शर्मा, बस, मिनी बस आपरेटर संघ के अध्यक्ष रईस अहमद शकील , राजेश बाफना ने भी संबोधित किया। संचालन सुरेन्द्र यादव एवं आभार प्रफुल्ल कोठारी ने किया।



### प्रज्ञा को मिले 93 फीसदी अंक

**डोंगरगढ़।** अछोली निवासी एवं पीएमश्री आत्मानंद स्कूल की छात्रा प्रज्ञा केशरवानी ने कक्षा 5 वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रज्ञा की सफलता से पिता राजेश गुप्ता एवं माता रश्मि गुप्ता गर्वित हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधान पाठक, क्लास टीचर एवं शिक्षकों को दिया है।

### विस चुनाव में जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह

**डोंगरगढ़।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर भाजपा ने पूर्ण बहुमत हासिल किया है। परिणाम की घोषणा के बाद अंचल में खुशी



की लहर देखी गई। भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने ग्राम ढारा में विजय जुलूस निकाला और कार्यकर्ताओं ने झालमुरी खाकर विजय उत्सव मनाया। जिला भाजपा के मंत्री जैन कुमार मेश्राम ने जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, मनीष सोनी, रवि यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष झुलेन्द्र वर्मा, हेमकुंवर साहू, सतीश वर्मा, मनोज वर्मा, यीशु वर्मा, महेंद्र तिवारी, संतोष वर्मा, प्रभात वर्मा, राजकुमार सेन, मोती जंघेल, शैलेश महोबिया, स्वेज महोबिया, लखन जंघेल, नामदेव साहू, हितेश्वर वर्मा, सेवक वर्मा, श्यामलाल कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### बेटियों ने रचा सफलता का इतिहास

**छुरिया।** गैंदाटोला क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतिभाशाली छात्रा गीतांजलि चंद्रवंशी ने 10वीं में 93.16 प्रतिशत, हालेकोसा की वंशीका साहू ने 12 वी में 92 प्रतिशत अंक के साथ सफलता हासिल की है। वहीं जोशीलामती की रुचिता साहू ने 12वीं में 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। परिणाम की घोषणा के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने छात्राओं से घर जाकर मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, विजय अग्रवाल, कमल गुप्ता, पप्पू महराज, कुमार साय साहू, भाजयुमो अध्यक्ष भूपेंद्र निर्मलकर, गौरव अग्रवाल उपस्थित थे। श्रीमती वैष्णव ने छात्राओं का सम्मान करते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

### ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

**छुरिया।** बखरूटोला के ग्रामवासियों ने कुलदीप साहू के नेतृत्व में गत दिनों



विधायक भोलाराम साहू से भेंट कर सामुदायिक भवन की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों ने बताया कि लंबे समय से सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक साहू के प्रयास से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर ललित आंचले, दिलीप कुमार, महेंद साहू, खिलावन दास साहू, किशोर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।


## सरकार की पहल से ग्रामीणों को राहत, सुशासन शिविर का आयोजन

# समस्या का समाधान, ग्रामीणों को मिली सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के बड़े गांव में शुमार आसरा में सुशासन तिहार के तहत बुधवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, विवेक मंडावी, अनिता पंचारी, हरिला सिरसाठ, कांति चन्द्रवंशी, पार्षद प्रफुल्ल जैन, दीना पटेल, जागेश्वर यादव, रामकुमार गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, खेमन साहू, रामधीन जगने, महेश्वर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव के अलावा बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर के आरंभ में अतिथियों ने महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया।



### प्रशासन की रही मौजूदगी

इस दौरान एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार कमल किशोर साहू, जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, करारोपण अधिकारी ओपी जैन प्रतिमा द्विवेदी, बीईओ जयंत साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### मेधावी बच्चों का सम्मान

सुशासन शिविर में कुल 568 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। अतिथियों ने कक्षा 10 वीं एवं 12वी में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले आसरा, बम्हनीभांठा एवं कोकपुर के 13 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सामाजिक सहायता पेंशन योजना अंतर्गत 15 को स्वीकृति पत्र, 15 को राशन कार्ड वितरण, कृषि कार्य हेतु एक स्व सहायता समूह को 6 लाख, एक समूह को 3 लाख का चेक, तीन लखपति दीदीयो को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित, 5 कृषकों को मूंग बीज की वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 गर्भवती माताओं की गोद भराई संस्कार कराया। तीन बच्चों को सुपोषण किट एवं सात बालिकाओं को सेनेटरी पेड का वितरण किया गया। श्रम विभाग ने एक श्रमिक कार्ड प्रदान किया।

### मिल रही राहत

इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने कहा कि लोगों ने जिस उम्मीद के साथ भाजपा को राज्य की सत्ता सौंपी थी उसे पूरा करने के लिए ही शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को अपने किसी काम के लिए भटकना न पड़े। पूरा प्रशासन जन समस्याओं के समाधान और योजनाओं से लाभान्वित करने लोगों के करीब जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभ के लोगों को जागरूक होकर सामने आना होगा।

### प्रशासन पहुंचा ग्रामीणों के करीब

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बुढ़ानछापर में क्लस्टर स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में ग्राम पंचायत बुढ़ानछापर, मोहनपुर, बागनदी, चारभांठा, टाटेकसा, कोठीटोला, कनेरी, कारुटोला, पीपरखार कला, भगवानटोला, बरनारकला, रामपुर, नारायणगढ़, बागरेकसा, सीतागोटा, बोरतलाव के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में राजस्व



विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विकास, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग मत्स्य विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 15 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 6 को पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का स्वीकृति आदेश, सहकारी बैंक ने 5 को किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग ने आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग ने मूंग बीज का वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई एवं अन्नप्राशन कराया। शिविर में सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, अनिता मंडावी, सरिता ओमप्रकाश मंडावी, सुरेश वर्मा, थनवार मंडावी, विभिन्न पंचायतों के सरपंच, एसडीएम श्री भार्गव, तहसीलदार श्री जनबंधु, जनपद सीईओ आदि उपस्थित थे। शिविर में 858 मांग एवं 8 शिकायत के आवदेन प्राप्त हुए।

### समस्या का करें समाधानः डोंगरे

सुशासन तिहार के तहत कृषि उपज मंडी परिसर में नगर पालिका ने शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न विभाग के स्टाल लगाए गए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने के अलावा योजनाओं से लोगों को लाभांवित करना है। उन्होंने अधिकारियों को नगरवासियों की समस्याओं का समाधान



करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद अमित जैन, सुमित मिश्रा, डिकेस राव, सीएमओ राजेश तिवारी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आमगांव घाट और नगर में समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

राज्य शासन के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं, शिकायतों के समाधान तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत छुईखदान अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव घाट में कल 8 मई को पंचायत परिसर के पास जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आमगांव घाट क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत नचनिया, भाजीडोंगरी, खादी, साल्हेवारा, सरईपतेरा, देवपुराघाट, सहसपुर, समनापुर, आमगांव घाट, गोलरडीह, जामगांव एवं सरोधी के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर समस्याओं का निराकरण करेंगे।

#### वार्ड 8 में भी शिविर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 में भी 8 मई को जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों का निराकरण किया जाएगा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया जाएगा।

### अयस खांडेकर का मोर्चा में मनोनयन

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद



खांडेकर के पुत्र अयस खांडेकर को जिला युवा मोर्चा में मन की बात प्रमुख नियुक्त किया गया है। युवा मोर्चा में अपनी सक्रियता निभाने वाले अयस खांडेकर को जिम्मेदारी मिलने के बाद कार्याकर्ताओ में उत्साह बढा है। उन्हे भाजपा नेताओ ने बधाई दी है।

### सुमन गट्टानी का निधन

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ निवासी रमेश



गट्टानी की धर्मपत्नी सुमन गट्टानी का निधन हो गया है। वह शुभम गट्टानी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

# स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज का इंजेक्शन नहीं

## रात में कोई भी कर्मचारी नहीं रहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

उमरवाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बीते दिनों एक व्यक्ति को कुत्ते ने काट लिया। जब वह व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार कराने पहुंचा तो वहां सिफ एक नर्स मिली, जिसने बताया कि हॉस्पिटल में रेबीज का इंजेक्शन नहीं है।

इस आशय की जानकारी मिलने के बाद कुछ ग्रामीणोंने रात को विजिट किया तो यहां पाया कि कोई भी डॉक्टर रात में नहीं रहता। आवास होने के बाद भी डॉक्टर नहीं रुकते और 25 से 30 किमी दूर रहते है। जब ग्रामीणों ने आरएमए से संपर्क किया तो उन्होंने इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी।



### बिना आक्सीजन के सिलेंडर

पिछले दिनों शिकायत आई थी कि हास्पिटल में ऑक्सीजन सिलेंडर तो है पर खाली रहते है। ग्रामीणों की शिकायत है कि स्टाफ मुख्यालय में निवास नहीं करता जिससे इमरजेंसी के दौरान इलाज नहीं होता। कुछ महीने पहले डिलीवरी के लिए महिला हॉस्पिटल गई तो उसे घंटों स्टाफ नहीं मिला। ग्रामीणों की सूचना के बाद आरएमए ने गोडलवाही से एक नर्स भेजा था। विभाग की लापरवाही से क्षेत्र के मरीज परेशान हैं।

- जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

# सवा साल से चल रहा विवाद सुलझा

**छुरिया।** ग्राम रियाटोला में सवा साल से दो पक्षों के बीच शीतला मंदिर के पास की जमीन को लेकर हो रहे विवाद चल रहा था जो जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नैनसिंह पटेल की पहल से सुलझ गया है। जानकारी के मुताबिक रियाटोला निवासी पंडित पिता मुरहाराम विश्वकर्मा ने जमीन को अपनी बताते हुए मकान बना रहा था। ग्रामीणों ने निर्माण पर आपत्ति जताते हुए स्थगन आदेश हासिल कर लिया था तब से दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। ग्रामीणों ने समस्या को सुलझाने के लिए जनपद अध्यक्ष को आमंत्रित कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। दोनों पक्षों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सिन्हा ने पंडित विश्वकर्मा को नवनिर्मित शीतला मंदिर के पीछे बना रहे मकान के आधा हिस्से को छोड़ने का निवेदन किया। अध्यक्ष ने ग्रामीणों को उसके एवज में उन्हीं के मकान के बाजू में लगे आबादी भूमि को देने कहा। ग्रामीण सहित पक्ष विपक्ष दोनों इस सुझाव को मान गए। ग्रामीणों ने विवाद को सुलझाने के लिए श्री सिन्हा का आभार जताया है। इस अवसर पर डाकवर दास वैष्णव, विनोद वैष्णव, धर्मेंद्र कंवर, गुलाब साहू, कुंजूराम, जेठ कुमार, रूपेश पटेल, पवन पाल, जीवन पाल, कीर्तन कंवर, साधुराम नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

### प्याऊघर खोलने की परंपरा लुप्त

**डोंगरगढ़।** गर्मी के दिनों में प्याऊ घर खोलने की परंपरा पिछले दो दशक से समाप्त हो गई। बताया जाता है कि 40 से 50 साल पहले नगर पालिका के माध्यम से कुछ मुख्य मार्गो में लोगों की सुविधा के लिए प्याऊ घर खोला जाता था। वहीं कुछ जनप्रतिनिधि,उद्योगपति के साथ धर्मिक एवं समाजिक संगठन भी प्याऊ घर खोलते थे।



जयस्तंभ चौक, पुराना राम मंदिर, बाल मंदिर, खंडुपारा, गोलबाजार, महावीर चौक, गाय पसरा, बस स्टैण्ड सहित अन्य स्थानों पर प्याऊ घर का संचालन होता था। कुछ उद्योगपतियों आदि ने अपने परिसर के सामने वाटर कूलर लगाया है जो दिखावा साबित हो रही है।

## झिरिया पर निर्भरता खत्म, अब बैगा परिवारों को राहत

# बैगा बस्ती टिंगीपुर में टैंकर से पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत देवरचा के आश्रित ग्राम टिंगीपुर में रहने वाले बैगा आदिवासियों को अब पेयजल के लिए झिरिया पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की पहल पर टैंकर से पेयजल की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

पूर्व में टिंगीपुर के बैगा परिवार दैनिक जरूरतों के लिए जंगलों के बीच स्थित झिरिया से पानी भरने को मजबूर थे। गर्मी में जल स्त्रोत कम होने से स्थिति गंभीर हो जाती थी। महिलाओं और बच्चों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने त्वरित पहल करते हुए पंचायत एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए



जिसके बाद टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई। नियमित अंतराल में टिंगीपुर बस्ती तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

### प्रशासनिक पहल की सराहना

स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा भविष्य में स्थायी समाधान के रूप में नल-जल योजना एवं अन्य जल संरचनाओं के विकास की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### विधायक की सक्रियता से कांग्रेस को मजबूती



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस पदाधिकारियों के बीच की आपसी खीचतान को नजर अंदाज कर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल लगातार दौरा कर पकड़ मजबूत करने जुटी है। जबकि भाजपा के पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्र तो दूर शहर के वार्डो में भी नजर नहीं आ रहे हैं। विधायक कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक धार्मिक आयोजनों में शामिल हो रही है। श्रीमती बघेल ने गत दिनों ग्राम पंचायत मोहंदी में सीसी रोड,ग्राम पंचायत हरडुबा में बाजार चबुतरा में टीन शेड, बेलगांव में टीन सेड का भूमिपूजन किया। इसीक्रम में कुवारझोर में भूमि पुजन में शामिल हुई।

### हास्पिटल में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली में अज्ञात व्यक्ति द्वारा शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अछोली स्थित स्वास्थ्य केंद्र में एसी के कंप्रेसर का कनेक्शन काट दिया गया तथा नर्स ड्यूटी रूम के वाशरूम का दरवाजा तोड़ दिया गया है। इस प्रकार की घटना पहले भी 2 से 3 बार हो चुकी है। खंड चिकित्सा अधिकारी ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वह ड्यूटी के दौरान शासकीय संपत्ति की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना होती हैं, तो ड्यूटी पर तैनात अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय एवं पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## धांधली की शिकायतों के मद्देनजर एसडीएम ने किया जांच दल का गठन

# पीएम आवास को लेकर जमीन स्वीकृति, शिकायतों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास के लिए निर्धारित पात्रता पूरी नहीं करने के बाद भी आवास आबंटन और इसे लेकर लगातार आ रही धांधली की शिकायतों को देखते हुए एसडीएम ने ब्लॉक की पंचायतों में 12 सत्यापन दल का गठन कर दस दिनों में सत्यापन कर प्रतिवेदन देने कहा हैं।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनो से जनपद पंचायत क्षेत्र में लगातार संदिग्ध तरीके से कुछ अपात्रों को आवास स्वीकृति, पक्के मकान होने के बावजूद पंचायत द्वारा योजना की मार्गदर्शिका के विपरीत प्रस्ताव कर आवास स्वीकृत कराने की शिकायतें सामने आ रही थी जबकि पीएम आवास की मार्गदर्शिका में अपात्र हितग्राहियों को किसी भी स्थिति में योजना का लाभ दिया जाना वर्जित है। लगातार सामने आ रहे मामलो और शिकायतो को देखते हुए एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने लंबित और अपात्रों के स्वीकृत आवास के सत्यापन के लिए संबंधित पंचायतों के तकनीकी सहायकों और पंचायत सचिवों का संयुक्त दल गठित कर स्वीकृत आवासों का भौतिक सत्यापन करने, प्रकरण स्थल का निरीक्षण और हितग्राहियों की पात्रता का परीक्षण करने कहा हैं।

सत्यापन प्रतिवेदन बाद इसका परीक्षण क्षेत्र के पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा फिर से किया जाएगा। निरीक्षण में अपात्र पाए गए हितग्राहियों के स्वीकृत आवासों को निरस्त करने और उन्हें जारी की गई राशि की वसूली भी की जाएगी।

## दस दिनों में प्रतिवेदन देने के निर्देश

### सरकारी जमीन तक को नहीं छोड़ा

आवास निर्माण के दौरान पंचायतों द्वारा अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए आवास स्वीकृति में फर्जी तरीके से जियो टैग करना, बिना प्रस्ताव और राजस्व विभाग की स्वीकृति लिए शासकीय जमीन का आबंटन करना, पक्का मकान होने के बाद भी आसपास की जमीन जियो टैग कर स्वीकृति दिलाना, रिश्तेदारों की जमीन पर जियो टैग कराना जैसी शिकायतें प्रशासन तक पहुंची हैं। इसके बाद अब आवास स्वीकृति का सत्यापन कराया जा रहा है। एसडीएम ने सत्यापन कार्य में संवेदनशीलता बरतने और किसी भी प्रकार की त्रुटि. लापरवाही तथा तथ्यों से छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया हैं।

### 12 दल करेंगे सत्यापन

आवास हितग्राहियों की पात्रता जांचने बनाए गए 12 दलों में तकनीकी सहायक मुरलीधर सोनबेर, तरुण कुंजाम, मनोज साहू, संतोषी सिन्हा, विकास कुमार, कुंजिका वामन, अल्का शेष, एकता पाटिल, रश्मि गहने, चंद्रकांता ठाकुर, दिनेश जंघेल सहित पंचायतों के सचिव शामिल हैं। इन अधिकारियों को दर्जनभर से अधिक पंचायतों का जिम्मा दिया गया है। परीक्षण के दौरान हितग्राहियों के नाम सहित पूरी जानकारी, स्वीकृत आवास, जारी किश्त, स्थल निरीक्षण, आवास निर्माण की स्थिति, पहले से पक्का मकान, ग्राम सभा का प्रस्ताव, पात्र और अपात्र पाए गए हितग्राही, कारण सहित आवास देने, निरस्त करने और वसूली करने की जानकारी ली जाएगी।

### जांच रिपोर्ट मांगी गई

पीएम आवास निर्माण और स्वीकृति के तहत लगातार शिकायतों के कारण निर्माण कार्य लंबित हो रहा है। इसकी जांच के लिए जांच दल का गठन कर रिपोर्ट मांगी गई है।

- टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम

# जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसान मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप खाद का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सहकारी समितियों में खरीफ 2026 हेतु उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा 30 अप्रैल 2026 से किसानों को पॉश मशीन के माध्यम से खाद वितरण किए जाने संबंधी निर्देश भी प्रसारित किए गए हैं। इस वर्ष खरीफ सीजन में धान के अतिरिक्त दलहन एवं तिलहन फसलों में उपयोग होने वाले उर्वरकों की मांग के अनुरूप खाद का भंडारण समय पूर्व सुनिश्चित कर लिया गया है।

कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के माध्यम से किसानों को केवल रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न कर मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते जैव उर्वरकों, तरल यूरिया, तरल डीएपी, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग हेतु जनजागरूकता भी चलाया जा रहा है। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने सभी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि किसानों को उर्वरकों के उठाव में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार पॉश मशीन के माध्यम से नियमानुसार उर्वरकों का वितरण एवं जानकारी का संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक खाद की कालाबाजारी को रोका जा सके।

### उपयोग एवं लाभों से किसानों को कराया अवगत

समितियों एवं निजी विक्रेताओं को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके खाद तथा टॉप ड्रेसिंग हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं लाभों से किसानों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कृषि विभाग द्वारा "धरती माता बचाओ अभियान" के माध्यम से नील हरित शैवाल के उपयोग को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने हेतु जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। किसानों को उनके प्रक्षेत्र में ही नील हरित शैवाल उत्पादन एवं उपयोग की विधि की जानकारी दी जा रही है। नील हरित शैवाल एक ऐसा जैव उर्वरक है, जो खेतों में पानी भरे रहने की स्थिति में शैवाल के रूप में विकसित होता है तथा वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मृदा में स्थिर करता है। इसके उपयोग से रासायनिक यूरिया की आवश्यकता को कम किया जा सकता है। कृषकों के हित में जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकतानुसार सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से खाद प्राप्त करें तथा मृदा स्वास्थ्य के अनुरूप संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें।

### जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में कुल 36 हजार 509 टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें यूरिया 13 हजार 752 टन, डीएपी 3 हजार 350 टन, एनपीके 9 हजार 806 टन, पोटाश 3 हजार 422 टन तथा एसएसपी 6 हजार 179 टन खाद सहकारी एवं निजी केन्द्रों में उपलब्ध है, जो कि इसी अवधि में गत वर्ष की उपलब्धता की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष समितियों में यूरिया, डीएपी एवं पोटाश के अतिरिक्त एनपीके, एसएसपी, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का भी पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया गया है। किसान सामान्यतः बीज बोवाई के समय एक एकड़ धान फसल में बेसल मात्रा के रूप में यूरिया, डीएपी एवं पोटाश का उपयोग करते हैं। इसके साथ ही किसान एक एकड़ धान फसल हेतु डीएपी के स्थान पर दो बोरी एनपीके खाद जैसे 12:32:16, 20:20:0:13, 16:16:16, 24:24:0 एवं 28:28:0 का उपयोग कर यूरिया की खपत को कम कर सकते हैं।

# ग्राम मुढ़ीपार पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार मे पहुंचकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जनगणना के प्रथम चरण तहत जारी मकान सूचीकरण व गणना कार्य क निरीक्षण किया। प्रगणकों से सर्वे कार्य की जानकारी ली और घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित करने कहा। कलेक्टर ने जनगणना को देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इससे मिले आंकड़ों के आधार पर भविष्य को लेकर योजना बनाने के साथ साथ व विकास कार्य तय किया जाएगा इसलिए प्रत्येक परिवार व मकान की सही जानकारी दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और निर्धारित प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरने कहा। इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थि थे।

# कांग्रेस का शपथ समारोह 14 को, बघेल आएंगे

- कांग्रेस की मासिक बैठक में की गई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान




जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक गत दिनों कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 मई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छुईखदान आगमन एवं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने पांच एजेंडा प्रस्तुत किए, जिन पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी गठन की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के कार्य एवं जवाबदेही का विभाजन कर पूर्णकालिक प्रभार तय करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा जिले भर में गठित जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल, सेक्टर, पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन एवं उसकी आवश्यक तैयारियों पर विचार किया गया। प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त निर्देशानुसार जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण बिल के नाम पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए जनमानस के बीच जाकर केंद्र सरकार की कथित झूठी बातों को बेनकाब करने पर चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, तेजराम वर्मा, राजेन्द्र ठाकरे, आकाशदीप, भीखम छाजेड़, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, संजय महोबिया, सुशीलकांत पांडे, संजू चंदेल, मोहम्मद खान, अशोक साहू, रिंकू गुप्ता, चंद्रेश यदु, टीकम साहू, देवकांत यदु, शिवानंद यादव, नीलांबर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविरों का आयोजन आज

राजनांदगांव। विश्व रेडक्रास दिवस पर कल 8 मई को जिले के ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक, जिला अस्पताल ब्लड बैंक, नांदगांव ब्लड बैंक, बालाजी ब्लड बैंक, बिलासा ब्लड बैंक, लाइफ लाइन ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार विश्व रेडक्रास दिवस पर जिले में महिलाओं के लिए जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, ब्लॉक स्तर पर सीएचसी केन्द्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकलिंग, थैलेसिमिया, एनीमिया (खून की कमी) की जांच, रक्तचाप और मधुमेह का परीक्षण किया जाएगा। महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं एवं प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। जिला स्तर पर महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कॉलेज में 'नेकी की दीवार' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कॉनफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से 'नेकी की दीवार' का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज में सहयोग, दान और परस्पर सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने अपनी ओर से उपयोगी वस्त्र, पुस्तकें, स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री दीवार पर रखी, ताकि जरूरतमंद लोग उन्हें निःशुल्क प्राप्त कर सकें। इस सामूहिक प्रयास ने कॉलेज परिसर को सेवा और करूणा का केंद्र बना दिया।

### पहल की सराहना

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने इस पहल की सराहना करते कहा कि 'नेकी की दीवार' समाज में समानता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। कान्फ्लुएंस कॉलेज निरंतर सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और सामुदायिक जुड़ाव की भावना विकसित करने का प्रयास करता रहा है।

# 8वीं में ग्लोरी को मिले 95 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



यूनियन पब्लिक स्कूल की छात्रा ग्लोरी महेश्वरी को कक्षा आठवीं में 95.17% अंक प्राप्त कर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है। यह संदीप महेश्वरी की बेटी है इनको दो अवार्ड और मिला उसमें पहले हंड्रेड परसेंट उपस्थित और दूसरा इनको आउटस्टैंडिंग डिसिप्लिन और डिफाइनिंग कैरक्टर का भी अवार्ड मिला है।

# चावल महोत्सव व आवास दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के 221 ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस, चावल महोत्सव व आवास दिवस का संयुक्त आयोजन हुआ। शासन के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही वही इसके बहाने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाई गई।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं से संबंधित गतिविधियां संचालित की गईं। रोजगार दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के कार्यो को प्राथमिकता से करने ग्रामवासियों में जागरूक करने के अलावा नवा तरिया आय जरिया, आजीविका डबरी, निजी सोख्ता गड्ढा और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यो को मिशन मोड में करने प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया।

जिला अंतर्गत जल संरक्षण व संवर्धन संबंधी कार्यो में समुदाय के लिए बोरवेल पुनर्भरण के लिए रेत फिल्टर निर्माण के 205 काम, भू-जल संरक्षण के 20, समुदाय के लिए तालाब निर्माण/तालाब पुनरूद्धार के 395, सरकारी या पंचायत भवनों में छत पर वर्षा जल संचयन के103 कार्य, समुदाय के लिये मिनी अन्तः श्रवण टैंक निर्माण के 23, व्यक्तियों के लिए कृषि तालाब का निर्माण के 305, समुदाय के लिए गेबियन चैक डैम का निर्माण के 21, व्यक्तियों के लिए इरिगेशन ओपन वेल का निर्माण के 95 सहित अन्य जल संरक्षण संबंधी काम कराया गया है साथ ही ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने व क्यूआर कोड स्कैन कर जानकारी प्राप्त करने पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

### जताया आभार

आयोजन के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोडने पर भी चर्चा की गई। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जियो-टैगिंग व मांग आधारित नए कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। जिला प्रशासन ने आयोजन को जनहितकारी व परिणाममुखी बताते हुए ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणो का आभार व्यक्त किया है।

## संभाग की सभी सात जिलों की टीमों ने लिया हिस्सा

# संभागीय शतरंज स्पर्धा आयोजित विधायक यशोदा ने किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जीएच रायसोनी मेमोरियल तहत दुर्ग संभाग स्तरीय एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सरस्वती शिशु एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य मे शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता दुर्ग शतरंज संघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीसी सदस्य नीलांबर वर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर उपस्थित थे। आयोजन में दुर्ग संभाग के सभी सात जिलों दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, कबीरधाम और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से विभिन्न आयु वर्ग के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से जिला शतरंज संघ द्वारा छग राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल, मोमेंटो दिया गया वही मुख्य 10 पुरस्कारों के अतिरिक्त विभिन्न आयु वर्ग, श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी, श्रेष्ठ स्थानीय खिलाड़ी, दिव्यांग व वरिष्ठ खिलाडय़ों के लिए भी विशेष श्रेणियां निर्धारित की गई।

### इतिहास और बौद्धिक परंपरा का संगम

मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने शतरंज को केवल खेल नहीं बल्कि मानसिक अनुशासन, एकाग्रता और दूरदर्शिता का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि शतरंज व्यक्ति को जीवन के हर मोड़ पर रणनीतिक सोच और संतुलित निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि नीलांबर वर्मा ने शतरंज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस खेल की उत्पत्ति प्राचीन भारत में चतुरंग के रूप में हुई जो समय के साथ विश्वभर में विकसित होकर आधुनिक शतरंज बना। उन्होंने कहा कि यह खेल भारतीय बौद्धिक परंपरा का प्रतीक है और आज भी वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को सुदृढ़ करता है। मंच संचालक अनुराग शांति तुरे ने शतरंज के सामाजिक व बौद्धिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह खेल नई पीढ़ी को धैर्य, विश्लेषण क्षमता और रणनीतिक सोच विकसित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इसे जीवन प्रबंधन का भी प्रभावी माध्यम बताया। इस दौरान जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह छोटू, सचिव रॉकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद, सदस्य रिजवान सोलंकी सहित निर्णायक मंडल के अनिल शर्मा, दिव्यांशु उपाध्याय सहित अन्य सदस्य व शतरंज खेल प्रेमी मौजूद थे।

# सुशासन तिहार में बना निःशुल्क लर्निंग लाईसेंस

राजनांदगांव। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर नागरिकों के लिए शासन की सेवाओं को सरल एवं सुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के अचानकपुर भाटापारा निवासी लीलाधर देवांगन का ग्राम सुंदरा में आयोजित शिविर में निःशुल्क लर्निंग लाईसेंस बना है। लीलाधर देवांगन ने बताया कि वे लंबे समय से लर्निंग लाईसेंस बनवाना चाहते थे, लेकिन कार्यालयों में जाने और प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में यह कार्य नहीं हो पा रहा था। सुशासन तिहार के तहत ग्राम सुंदरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उन्हें परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी मिली। शिविर में ही आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर सरल प्रक्रिया के माध्यम से उनका निःशुल्क लर्निंग लाईसेंस बनाया गया। उन्होंने बताया कि अब लर्निंग लाईसेंस मिलने से वे नियमानुसार वाहन चलाने के लिए आगे की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इससे उन्हें दैनिक कार्यों एवं आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय या विभागीय कार्यालयों में जाने की जरूरत नहीं हैं, अब गांव स्तर पर ही समाधान मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। लीलाधर ने शासन एवं जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते कहा कि सुशासन तिहार वास्तव में लाभकारी साबित हो रहा है।

# सरकार की नाकामी से प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल : शाहिद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी शाहिद भाई ने छग सरकार की नाकामी के चलते स्वास्थ्य सुविधा की बदहाली से जनता के जीवन पर पड़ने वाले दुष्परिणामों को प्रमाणित करते कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद छग मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन से मिलने वाली जिला, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अनिवार्य होने वाली 300 आवश्यक दवाओं में से मात्र 40-50 दवाइयां ही अस्पतालों में पहुंचाकर मानव जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

महामंत्री शाहिद ने बताया कि आईपीएचएस (इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड) के ईडीएल अनुसार जिला चिकित्सालय में 381 सामुदायिक में 300 और प्राथमिक में 172 एसएचसी/एएएम में 106, इसी प्रकार स्टेट ईडीएल अंतर्गत जिला में 264, सीएचसी में 160, पीएचसी में 109 एवं एसएचसी/एएएम में 41 आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां होनी ही चाहिए। छग सरकार के लोक स्वास्थ्य में परिवार कल्याण विभाग के 12 नवंबर 2025 के पत्र को भी उजागर करते कहा कि इस पत्र में प्रदेश के अस्पतालों में अनिवार्य दवाइयां की सूची अधूसूचित करते उपलब्धता की बात कही गई है। जिसका भी पालन नहीं होने से अस्पतालों में बदहाली का आलम है।

महामंत्री शाहिद ने कहा कि सरकार सीजीएमएससी के माध्यम से आवश्यक दवाइयां भेजने में असफल है। वहीं स्थानीय स्तर पर सीजीएमएससी आवश्यक दवाइयां खरीदने एनओसी भी नहीं दे रही है, जो जनता के हितों पर चोंट पहुंचाने वाला काम है। 15 दिवस में जिला सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं करती है तो कांग्रेस जनआंदोलन करने पर विवश होगी।

### अस्पतालों में सिरिंज भी नहीं

शाहिद ने बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेज डॉक्टर और स्टाफ के लिए तरस रहे हैं, क्योंकि लगभग 250 प्रकार के चिकित्सा सामग्रियों की आवश्यकता होने के बाद भी मात्र 70 से 80 सामग्रियों की सप्लाई कर स्वास्थ्य सुविधाओं पर बाधा डालने का खेल चल रहा है। यहां तक अस्पतालों में सिरिंज की भी उपलब्धता नहीं हो पा रही है। सरकार की नाकामी के चलते जिला चिकित्सालय, सामुदायिक चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीबायोटिक, मलेरिया, पेरासिटामोल, ओआरएस, आयरन, यहां तक गर्भवती महिलाओं की आवश्यक दवाइयों के साथ सर्दी, बुखार, दर्द, इन्फेक्शन उल्टी, शुगर की जो दवाइयां सरकारी अस्पताल से फ्री में दी जाती है, वह दवाइयां भी उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते मरीजों को निजी दुकानों से खरीदने की मजबूरी है। सरकार के सुशासन के बड़े-बड़े दावे की पोल भी स्वास्थ सुविधाएं खोल रही है। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां रखने की अनिवार्यता के बाद भी छग सरकार की बेसुधी एवं कमीशन के खेल के चलते आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर उन्हें निजी अस्पतालों में भेजने का खेल खेल रही है।

## सार समाचार

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** केंद्र शासन द्वारा जाति का जनगणना कराया जा रहा है। इसके लिए डोर-टू-डोर से पहले स्वजनगणना पोर्टल के माध्यम से लोक स्वयं जनगणना का फॉर्म भर सकते हैं, लेकिन इस स्वजनगणना में छत्तीसगढ़ी बोली भाषा का कालम नहीं होने को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम छत्तीसगढ़ी बोली भाषा को स्वजनगणना में स्थान देने मांग की है। 16 अप्रैल से स्वजनगणना पोर्टल में जनगणना की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन छत्तीसगढ़ी बोली भाषा को इसमें स्थान नहीं दिया गया है। छग क्रान्ति सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर स्वजनगणना पोर्टल के कालम में छत्तीसगढ़ी भाषा को स्थान देने मांग रखी है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वजनगणना पोर्टल के कालम में छत्तीसगढ़ी को स्थान नहीं दिया गया है। जबकि विदेशी भाषा नेपाली, अंग्रेजी को स्थान दिया गया है। इस मामले को लेकर क्रान्ति सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

### डायल 112 सेवाओं को सुदृढ़ बनाने बैठक

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में डायल 112 सेवाओं को अधिक प्रभावी, त्वरित एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से 1 मई को जन संवाद कक्ष राजनांदगांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता डायल 112 के जोनल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर द्वारा की गई। बैठक में डायल 112 के वाहन चालकों एवं आरक्षकों को इवेंट प्राप्त होते ही निर्धारित समय-सीमा में घटनास्थल पर त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने, नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार रखने तथा प्रत्येक स्थिति में सजग एवं सतर्क रहकर कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही टीमवर्क, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर डायल 112 के वाहन चालकों एवं आरक्षकों को आवश्यक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सामग्री जैसे दस्ताने, सैनिटाइजर एवं फर्स्ट एड बॉक्स वितरित किए गए। जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुरक्षित एवं बेहतर ढंग से कर सकें।

### आर्ट ऑफ लिविंग इंट्यूशन प्रोग्राम 9 से

**राजनांदगांव।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा आगामी 9 मई से शाम 5-7 बजे तक होटल मयूर में इंट्यूशन प्रोग्राम का प्रशिक्षण रख गया है। शिविर में 5 से 18 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। इंट्यूशन प्रोग्राम से बच्चों की मेधा शक्ति विकसित होती है और फोटोग्राफिक मेमोरी का विकास होता है। जिससे वे आंख पर पट्टी बांधकर भी किताब के पन्ने पढ़ लेते हैं। उक्त जानकारी नूपुर श्रीवास्तव ने दी।

### भिलाई विधायक देवेंद्र का स्वागत

**राजनांदगांव।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव पद्मश्री फुलबासन यादव से मुलाकात करने राजनांदगांव पहुंचे। उनके आगमन पर शहर के इमाम चौक



में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। भिलाई विधायक श्री यादव के राजनांदगांव पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत फूल मालाओं से किया। इस दौरान विपिन यादव, छन्नी साहू, महेंद्र यादव, मेहुल मारू, राहुल तिवारी, मानव देशमुख की उपस्थिति रही।

### मस्ती की पाठशाला में होगा रिदमिक योगासन

**राजनांदगांव।** नगर निगम की पहल एवं महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में संचालित मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में योगासन खेल को बढ़ावा देने एक नई पहल की जा रही है। इसके तहत आगामी



रविवार से रिदमिक योगासन का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में किशोर महेश्वरी के नेतृत्व में चार बच्चों द्वारा एडवांस योगासन का प्रदर्शन किया गया, जिसे लगभग 1500 बच्चों, युवाओं एवं उपस्थित दर्शकों ने सराहा।

मस्ती की पाठशाला के तहत यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को चौपाटी रानीसागर में सुबह सुबह 5.30 से 7 बजे तक होगा। इस दौरान रिदमिक योगासन के प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों को योग से जोड़ने और उनकी रूचि विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं सचिव लक्ष्मण लोहिया ने अपील करते कहा कि अधिक से अधिक बच्चे एवं युवा इस पहल से जुड़ें और योगासन खेल को अपनाकर अपने शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूत करें।

### विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया गया है। परीक्षा तिथि को ओएमआर सीट सुबह 9.30 से 10 बजे तक भरना होगा तथा प्राक्चयन परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र वेबसाईट से डाऊनलोड की जा सकती है।

### पद्मश्री फुलबासन से मिला उदयाचल परिवार

**राजनांदगांव।** पद्मश्री फुलबासन यादव के अपहरण का असफल प्रयास हुआ था। उसी संदर्भ में उदयाचल के सदस्य फुलबासन से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री फुलबासन उदयाचल की




आजन्म सदस्य हैं तथा उनका नागरिक अभिनंदन उदयाचल में हुआ था। उदयाचल के सदस्यों ने उनकी पूरी बात सुनी और उन्हें सांत्वना दी। इस घटना के चलते उदयाचल के सदस्यों ने उनके घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्णय लिया। संरक्षक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सचिव अतुल रायचा एवं सह-कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीश्रीमाल उनके परिवार के साथ मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

### शिवम बने उत्तर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती को देखते नई नियुक्तियां की गई है। इसी कड़ी में वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से शिवम गढ़पायले को उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, राजनांदगांव शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार एवं उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली की अनुशंसा पर की गई है।

# ई-केवाईसी के लिए मांगी राशि, नौ वीएलई की आईडी ब्लाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश सहित जिले में हितग्राहियों का ऑनलाइन निःशुल्क ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। हितग्राहियों को ई-केवाईसी सत्यापन कराने पर्याप्त अवसर देते अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। ई-केवाईसी सत्यापन की निर्धारित अवधि के दौरान भी योजना के पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण पूर्ववत जारी रहेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरुप्रीत कौर ने बताया कि जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्रों के वीएलई को लोक सेवा केंद्र की प्रदेश स्तरीय टीम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी सत्यापन कार्य के संबंध में विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।



#### सतत निगरानी

विभाग का कहना है कि लोक सेवा केंद्र के प्रदेश प्रमुखों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में आयोजित ई-केवाईसी सत्यापन शिविरों की सतत निगरानी, निरीक्षण एवं नियमित समीक्षा की जा रही है।

#### लगातार मिल रही है शिकायतें

जिले के कुछ वीएलई द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से ई-केवाईसी सत्यापन के लिए अनाधिकृत रूप से राशि मांगने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 वीएलई की आईडी तत्काल प्रभाव से ब्लॉक की जा चुकी है। उन्हें महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी सत्यापन कार्य से पृथक किया गया है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु भविष्य में लोक सेवा केंद्र एवं विभागीय माध्यम से संचालित होने वाले अन्य समस्त कार्यों से भी विलग रखने की कार्रवाई की जा रही है।

#### निःशुल्क करना है सत्यापन

प्रशिक्षण में लोक सेवा केंद्रों के वीएलई को स्पष्ट रूप से बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से ई-केवाईसी सत्यापन के एवज में किसी भी प्रकार के अतिरिक्त राशि, सेवा शुल्क अथवा अवैध धनराशि की मांग एवं वसूली पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। प्रशिक्षण सत्र सभी वीएलई को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते बताया गया कि यदि किसी भी हितग्राही से ई-केवाईसी सत्यापन के नाम पर राशि लेने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित वीएलई के विरूद्ध तत्काल कठोर एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसमें आईडी ब्लॉक करने सहित आगामी समस्त शासकीय कार्यों से पृथक किए जाने की कार्रवाई शामिल है।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का असर

# नाश्ता 30 रुपए प्लेट, महंगाई से आम लोगों की जेबे हो रही खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्यावसायिक क्षेत्र में उपयोग होने वाले एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में लगभग दोगुनी वृद्धि हो गई है। इस वृद्धि के बाद होटल में मिलने वाला नाश्ता भी महंगा हो गया है। शुक्रवार तक 25 रुपए प्लेट में मिलने वाला नाश्ता गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते ही शनिवार से 30 रुपए प्लेट पर बिक रहा है।

सभी के जीवन में नाश्ता एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। घरों में दिनचर्या की शुरूआत ही नाश्ते से होती है। घर पर कुछ देर के लिए भी मेहमान आने पर चाय-नाश्ता पूछने का रिवाज है। कई बार कार्य की व्यस्तता के चलते होटलों से भी नाश्ता मंगा लिया जाता है, तो कई बार घर में नाश्ता बनने में अगर देरी हो तो कामकाजियों के होटल पर जाकर नाश्ता करना का भी चलन है। वहीं सुबह की सैर से घर वापस आते समय दोस्तों के साथ होटल पर नाश्ता का भी अपना अलग मजा है, लेकिन एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के चलते हर आम और खास के लिए अहम जगह रखने वाला नाश्ता 25 रुपए से बढ़ाकर 30 रुपए हो गया। जिसका असर सीधे लोगों की जेब पर पड़ रहा है। पहले 25 रुपए में दो समोसे आ जाते थे, लेकिन अब दो समोसे के लिए 30 रुपए देने पड़ रहे हैं।



#### नाश्ते पर युद्ध का असर

बताया जा रहा है कि इस बार नाश्ते के दामों की वृद्धि इजरायल-ईरान युद्ध का असर है। एलपीजी गैस की शॉर्टेज होना और इसके दामों में बढ़ोत्तरी की वजह से व्यावसायिक क्षेत्र में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडर महंगे दरों पर खरीदने पड़ रहे हैं। जिससे ईंधन खर्च बढ़ाने के चलते होटल व्यवसायी ने नाश्ते के दाम बढ़ा दिए हैं।

#### दाम अलग-अलग पर सभी एक रेट

होटल में नाश्ते में आमतौर पर समोसा, आलू गुंडा, बड़ा, कचोरी, भजिया, मिर्ची भजिया मुंगोड़ी की मांग होती है। जिसमें सभी का निर्माण अलग-अलग खाद्य पदार्थों से होता है। समोसे में जहां मैदा और आलू मुख्य होते हैं। तो वहीं आलू गुंडा में बेसन और बड़े में उड़द और मूंग की दाल का उपयोग किया जाता है। बाजार में मैदा, बेसन, आलू और दाल के अलग-अलग रेट हैं। इसके बाद भी इन सभी सामग्रियों से निर्मित नाश्तों की दर एक ही है।

#### 3300 रुपए हुआ सिलेंडर

शहर के प्रसिद्ध मानव मंदिर होटल के संचालक बादल साहू और आकाश साहू ने बताया कि खाद्य तेल के बाद अब रसोई गैस में लगभग दोगुनी वृद्धि हो गई है। पहले 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर लगभग 1800 रुपए में आ रहा था, अब 3320 के करीब दाम पहुंच गया है। जिसके चलते इसका असर नाश्ते के रेट पर पड़ा है।

#### 10 रुपए का हुआ इजाफा

बीते वर्ष खाद्य तेल के बढ़ते दामों की वजह से लगभग 20 रुपए प्लेट मिलने वाला नाश्ता 25 रुपए प्लेट हो गया था। वहीं अब एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से शहर के अधिकांश होटल में नाश्ते के दाम बढ़ गए हैं।

#### एक समोसा 15 रुपए

नाश्ते में आमतौर पर पोहा, जलेबी, आलू गुंडा और समोसा काफी प्रिय होता है। होटल में नाश्ते का दाम बढ़ने से एक समोसे पर 3 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं कचौरी और आलू गुंडा पर भी इतना ही इजाफा हुआ है।

#### स्व-निर्धारित होती है दर

खाद्य पदार्थ के बढ़ते दामों, खाद्य तेल और अब एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के चलते होटल में नाश्ते का रेट बढ़ाया गया है। शहर के सभी होटलों में होटल संचालक द्वारा स्व-निर्धारित दर तय किया जाता है। रेट को लेकर किसी भी तरह की गाईड लाइन और नियंत्रण नहीं होने के चलते होटल व्यवसायी अपनी लागत के अनुसार अतिरिक्त खर्च और मुनाफा जोड़कर नाश्ते की दर का निर्धारण करते।

### केंद्रीय टीम ने किया गंजपारा स्कूल का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** इग्नाइट स्कूल गंजपारा में केंद्रीय टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। टीम ने विद्यालय में विगत वर्षों में छात्रहित एवं शालाहित को ध्यान में रखते किए गए शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नवाचारपूर्ण कार्यों का अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने विद्यार्थियों के नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में चयन, खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी को सराहा। विद्यालय में संचालित स्टूडेंट हैल्पबुक, बैगलेस डे, जुम्बा एवं व्यायाम, आर्ट एंड क्राफ्ट, शैक्षणिक भ्रमण एवं विद्यालय की प्रथम पत्रिका "इग्नाइट" जैसे प्रयासों की भी सराहना की।

विद्यालय की प्राचार्य राबिया शादाब एवं शिक्षकों के समर्पित प्रयासों को टीम ने विद्यालय की प्रगति का आधार बताया और भविष्य में भी इसी प्रकार नवाचार एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**राजनांदगांव।** स्थानीय बाल भारती पब्लिक स्कूल, बलदेवबाग में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंधन द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही भविष्य की नींव है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।




समारोह में कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय (गणित एवं जीव विज्ञान) और कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं को उनके शानदार अंकों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कक्षा 12वीं में विनिशा साहू 90.33 प्रतिशत, श्रीकांत मंडले 90.30 प्रतिशत, अनिक देवांगन 85 प्रतिशत, निखिल दास 84.3 प्रतिशत, अभिनव मड़के 83.3 प्रतिशत, श्रेयांश जैदे 83.6 प्रतिशत, हिमांशी गढ़े 83 प्रतिशत, आशी महोबिया 80.3 प्रतिशत, हर्षिता श्रीवास्तव 79.3 प्रतिशत पूर्वी सिंह 76.33 प्रतिशत वहीं कक्षा 10वीं में गुलफशा शेख 90 प्रतिशत, प्रियांशु देवांगन 84.66 प्रतिशत, पूर्वी ध्रुव 84.16 प्रतिशत, महिमा कुंभलवार 83.55 प्रतिशत, दीक्षा निषाद 78.16 प्रतिशत अंक हासिल किये। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मारीं में जन समस्या निवारण शिविर आज

**मोहला।** जनपद पंचायत मोहला के ग्राम पंचायत मारीं में कल 8 मई को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। मारीं क्लस्टर में मारीं, भोजटोला, वासड़ी, पाटनवाड़वी, पाटनखास, मरकाटोला, करमरी, मंडावीटोला, सांगली, मड़ियावाड़वी, उरवाही, ग्राम पंचायत शामिल हैं। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

## अंडरब्रिज का काम शुरू करने कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में गुरुवार को स्टेशनपारा, गौरीनगर, चिखली एवं पटरीपार क्षेत्र के वार्डवासियों तथा कांग्रेस पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन प्रबंधक का घेराव किया। इस दौरान स्टेशनपारा एवं गौरीनगर अंडरब्रिज निर्माण में हो रही देरी तथा चिखली ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति को लेकर रेलवे और लोक निर्माण विभाग के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया गया।

श्री मुदलियार ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से स्टेशनपारा और गौरीनगर अंडरब्रिज का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण लगभग 50 हजार की आबादी को जान जोखिम में डालकर जर्जर ओवरब्रिज से आवागमन करना पड़ रहा है। ट्रिपल इंजन सरकार में आज तक नए ओवरब्रिज निर्माण की भी कोई योजना धरातल पर नहीं आ सकी। यह सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग रेलवे को जिम्मेदार बताकर पल्ला झाड़ रहा है और रेलवे पीडब्ल्यूडी पर जिम्मेदारी थोप रहा है। पटरीपार क्षेत्र के चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर, शांतिनगर, शंकरपुर, शिक्षक नगर, मोतीपुर और नया ढाबा सहित अनेक मोहल्लों के नागरिक प्रतिदिन हादसे के खतरे के बीच शहर आने-जाने मजबूर हैं।



#### लगातार दुर्घटनाएं

श्री मुदलियार ने कहा कि वर्तमान में आवागमन के लिए बचा एकमात्र ओवरब्रिज पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ओवरब्रिज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, सड़क उखड़ चुकी है, डिवाइडर क्षतिग्रस्त होकर सड़क तक फैल गए हैं और उन्हें रंगा तक नहीं गया है। जिसके कारण रात के समय दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन के समक्ष सख्त लहजे में मांग रखते कहा कि ओवरब्रिज की तत्काल मरम्मत कर नागरिकों को राहत दी जाए तथा अधूरे अंडरब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वार्डवासियों के साथ ओवरब्रिज में चक्काजाम से लेकर रेल रोको का उग्र आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के दबाव के बाद स्टेशन प्रबंधक द्वारा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ से दूरभाष पर चर्चा कर ओवरब्रिज मरम्मत के संबंध में जानकारी ली गई।

## बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने गुरुवार को बजट की समीक्षा बैठक लेकर बजट प्रावधानों पर चर्चा कर क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में बजट प्रावधानों पर बिंदुवार चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष के दीर्घकालीन योजनाएं जो प्रगतिरत है, उन्हें आगे बढ़ाकर पूरा करना है। इसी प्रकार इस वर्ष के प्रावधानों का भी क्रियान्वयन करना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर जवाबदारी दी जा रही है, सभी अधिकारी प्रावधान अनुसार स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रक्रिया करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रावधानों का लाभ जनता को मिल सके। उन्होंने बिन्दुवार सभी प्रावधानों में चर्चा की। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी की आपके निर्देशानुसार कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन के तहत निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत तीन शाला में निर्धन छात्राओं के वार्षिक शुल्क के लिए राशि 25-25 हजार रुपए प्राचार्यों को दिया गया है।

### कहाः पद्मश्री सुरक्षित नहीं, कड़ाई से हो जांच

# अपहरण कांड:यादव समाज ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पद्मश्री फुलबासन यादव के अपहरण मामले को लेकर अब समाज के जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी भी उनकी सुरक्षा के प्रति चिंता जताते सामने आ रहे हैं। आज यादव समाज के दो विधायक और समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने पद्मश्री फुलबासन यादव से मुलाकात करते घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और प्रदेश सरकार से उन्हें जेड़ प्लस सुरक्षा देने मांग की।

पद्मश्री फुलबासन यादव के अपहरण की खबर से यादव समाज के लोगों ने इस पर चिंता व्यक्त की है। आज सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव, चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव और खल्लारी के विधायक द्वारकाधीश यादव ने पद्मश्री फुलबासन यादव से मुलाकात करते घटना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पहुंचे समाज के प्रदेश अध्यक्ष और विधायकगणों ने प्रदेश सरकार से मांग करते कहा कि फुलबासन यादव को प्रदेश सरकार तत्काल जेड़ प्लस सुरक्षा प्रदान करें।



#### कड़ाई से जांच की मांग

घटना को लेकर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि इसके पीछे और कौन-कौन लोग हैं, इसकी जांच कड़ाई से होनी चाहिए। वहीं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से फुलबासन आज सुरक्षित है।

#### फुलबासन को भी मिले सुरक्षा

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह घटना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब एक पद्मश्री सुरक्षित नहीं है तो फिर आम महिला कैसे सुरक्षित होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कथावाचकों को जेड़ प्लस सुरक्षा दी जाती है, उसी तरह फुलबासन को भी सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### छात्रा टीना का कक्षा 10वीं 89.83 % अंक प्राप्त की

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई



स्कूल परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा की छात्रा ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता का नया परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा टीना मानिकपुरी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 89.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। टीना मानिकपुरी की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। छात्रा टीना की मेहनत, लगन और अनुशासित अध्ययन का यह परिणाम पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों व ग्रामीणों तथा माता-पिता श्रीमती अंबिका रोहित मानिकपुरी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा के शिक्षकों ने बताया कि छात्रा टीना शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही हैं, जिसका प्रतिफल आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है।

### 8 आरोपी गिरफ्तार, बच्चों से करा रहे थे कठिन श्रम मवेशी चराने में भी लगाया

# बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को पुलिस ने बंधुआ श्रम से कराया गया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने मानवता को झकझोर देने वाले एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को बंधुआ श्रम और बाल तस्करी से मुक्त कराया है। मामले में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि ग्राम थूहापानी एवं आसपास के क्षेत्रों से बैगा जनजाति के नाबालिग बच्चों को उनके माता-पिता को पैसों का लालच देकर ले जाया गया है और उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है। सूचना के बाद गठित विशेष टीम ने ग्राम भलपहरी, खरहट्टा पाण्डातराई, सारंगपुर कला, कान्हाभैरा और दशरंगपुर क्षेत्रों में दबिश देकर 13 बच्चों को सकुशल मुक्त कराया।

रेस्क्यू के बाद बच्चों को थाना कोतवाली लाया गया तथा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की मदद से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर बच्चों को सुरक्षित संरक्षण के लिए बालगृह भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध और अमानवीय कृत्य है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अधिकार है। यदि कहीं भी बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी या बाल तस्करी जैसी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अमित पटेल के मार्गदर्शन में लालमन साव, उमाशंकर राठौर, डीएसबी नितिन तिवारी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

#### बच्चों के पालकों को दिया गया पैसों का लालच



पुलिस पूछताछ में सामने आया कि करीब 6 से 7 माह पहले आरोपी रवि यादव एवं अन्य लोगों ने बच्चों के पालकों को पैसों का प्रलोभन देकर उन्हें अलग-अलग गांवों में काम कराने के लिए ले जाया था। वहां उनसे गाय और मवेशी चराने, देखभाल करने सहित अन्य कठिन श्रम कराया जाता था। बच्चों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक तथा दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार काम कराया जाता था, जबकि मजदूरी के नाम पर उनके पालकों को केवल 1000 से 2000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते थे।

#### मुक्त कराए गए बच्चे 8 से 15 वर्ष के

बताया जाता है कि मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8 से 15 वर्ष के बीच बताई गई है और सभी विशेष संरक्षित बैगा जनजाति से संबंध रखते हैं। पुलिस ने मामले में थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 29/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता, जेजे एक्ट, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम एवं बंधुआ मजदूर प्रणाली उन्मूलन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में रामू यादव, रवि यादव, धनीराम यादव, सर्वन यादव, दीपक यादव, रामफल यादव, राम बिहारी यादव एवं रुपेश यादव शामिल हैं।

### ग्रामीण किसान रबि फसल पंजीयन के लिए भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव और दामापुर क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों रबि फसल चना बेचने के लिए पंजीयन कराने को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि करीब एक माह पहले सेवा सहकारी समिति अंतर्गत कोलेगांव सोसायटी में चना पंजीयन के लिए आवेदन जमा किया था, लेकिन अब तक कई किसानों का नाम सूची में दर्ज नहीं हो पाया है।

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन ने 15 तारीख तक पंजीयन की समय-सीमा तय की है। ऐसे में समय कम बचे होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है कि कहीं वे पंजीयन से वंचित न रह जाएं।

कई किसानों ने बताया कि उनके खेतों में चना फसल की खेती अधिक रकबे में हुई है, लेकिन पंजीयन कम रकबे का दर्ज किया गया है। इससे उन्हें उपज बेचने में नुकसान होने की आशंका है। समिति प्रबंधक से जानकारी लेने पर किसानों को बताया गया कि पंजीयन प्रक्रिया में ग्राम सेवक और पटवारी के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। वहीं ग्राम सेवक की ड्यूटी दूसरे स्थान पर होने के कारण किसानों को हस्ताक्षर कराने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानी और भटकाव का सामना करना पड़ रहा है।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

### दो दिनों से क्षेत्र ब्लैक आउट, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी



जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पोंड़ी नगर के वार्ड क्रमांक 07 में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे एक ट्रांसफार्मर में ओवर वोल्टेज के कारण भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों और बिजली विभाग के कर्मचारियों मुस्तैदी दिखाते बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश की और काफी हद तक सफल भी रहे। बाद में मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने में सहयोग किया।

पंच वेद साहू ने बताया कि वर्तमान ट्रांसफार्मर क्षेत्र की बढ़ती आबादी और बिजली मांग के अनुरूप सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि पोंड़ी को टाउन का दर्जा मिलने और आसपास के गांवों को जोड़ने के बाद बिजली खपत बढ़ी है, जिससे ओवरलोड की समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। इस मामले में विभाग के सुनील कंवर ने जानकारी देते बताया कि शार्ट सर्किट कि वजह से केबल में आग लगा, जिसके बाद ट्रांसफार्मर को भी अपने चपेट ने ले लिया। हालांकि विभाग में कर्मचारियों ने आगजनी पर काबू पा लिया जिसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। वही आने वाले दिनों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने कि प्रक्रिया चल रहा है। जल्द ही लोगो को बेहतर बिजली आपूर्ति कि सुविधा मिल पाएगा।

#### बिजली आपूर्ति ठप, पानी संकट गहराया

पोंड़ी नगर में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ट्रांसफार्मर में भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली नहीं होने से लोग परेशान हैं। वहीं बिजली बंद रहने के कारण जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

#### दमकल की देरी पर लोगों में आक्रोश

घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई थी, लेकिन टीम के देर से पहुंचने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि समय पर दमकल पहुंचती तो स्थिति और जल्दी नियंत्रित हो सकती थी।

#### ओवरलोड बना हादसे की वजह

पोंड़ी स्थित वार्ड क्रमांक 07 में लगा 200 केव्हीं का ट्रांसफार्मर अपनी क्षमता से अधिक लोड झेल रहा है। पोंड़ी नगर की करीब 50 प्रतिशत बिजली आपूर्ति इसी ट्रांसफार्मर से हो रही है, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट और तकनीकी समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में कम से कम दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अलग-अलग वार्डों में लगाए जाएं, ताकि लोड का संतुलन हो सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# उप मुख्यमंत्री ने 2.06 करोड़ की लागत से विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन, शहर को मिलेगी मजबूत बिजली व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए गुरूवार को नवीन बस स्टैण्ड घोठिया में 33.11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 2.06 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस विद्युत उपकेन्द्र की सौगात दी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह केंद्र शहर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उपकेन्द्र के शुरू होने से मेडिकल कॉलेज, नवीन बस स्टैण्ड, कृषि महाविद्यालय, तुलसी नगर और राजदीप कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं शहर के 8614 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कवर्धा शहर की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आज घोठिया स्थित नवीन बस स्टैण्ड के पास नए विद्युत उपकेंद्र का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद मात्र ढाई वर्षों के भीतर जिले में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और अब तक चार नए उपकेंद्रों का भूमिपूजन पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दलदली, सेमो और सरेखा में पहले ही उपकेंद्रों का भूमिपूजन हो चुका है, जबकि जल्द ही दुबहा में भी नए उपकेंद्र का भूमिपूजन किया जाएगा।

उन्होने कहा कि महज ढाई वर्षो में जिले में पांच सब स्टेशन स्थापित होने जा रहे हैं, जो विद्युत व्यवस्था को नई मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भी नए सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे ताकि हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर लगने से लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं में बड़ी राहत मिलती है। ढाई साल में अब तक जिले में 486 नए ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि घोटिया उपकेंद्र में 5 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। अभी तक कवर्धा शहर की पूरी विद्युत व्यवस्था दो पावर ट्रांसफार्मरों के भरोसे संचालित हो रही थी, लेकिन यह तीसरा पावर ट्रांसफार्मर शहर की करीब 40 प्रतिशत आबादी को कवर करेगा। इससे वोल्टेज की समस्या, लाइन फाल्ट और ओवरलोड जैसी परेशानियों से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस नए उपकेंद्र से कवर्धा शहर के 13 वार्डों में विद्युत सप्लाई की जाएगी। इससे मौजूदा दोनों ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और दूरस्थ बस्तियों तक भी पर्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली पहुंच सकेंगी।

#### 5 एमव्हीए ट्रांसफार्मर और तीन नए फीडर होंगे स्थापित

नवीन उपकेन्द्र में 5 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां से तीन नए 11 केव्ही फीडर मेडिकल कॉलेज फीडर, तुलसीनगर फीडर तथा राजदीप कॉलोनी फीडर निकाले जाएंगे। इन फीडरों के माध्यम से नव निर्मित मेडिकल कॉलेज, नवीन बस स्टैण्ड, कृषि महाविद्यालय, तुलसीनगर एवं राजदीप कॉलोनी क्षेत्र में बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस नए उपकेन्द्र के प्रारंभ होने के बाद लोहारा नाका स्थित उपकेन्द्र का भार यहां हस्तांतरित किया जाएगा। इससे दशरंगपुर, टाउन-1 तथा रामनगर फीडरों पर दबाव कम होगा। साथ ही 11 केव्ही फीडरों की लंबाई घटने से अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।

#### 8614 उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

इस नवनिर्मित उपकेन्द्र से कवर्धा शहर के लगभग 8614 उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे। बेहतर विद्युत व्यवस्था से आम नागरिकों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और तेजी से विकसित हो रहे नए क्षेत्रों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। नए उपकेन्द्र के निर्माण से शहर के कई क्षेत्रों में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिलेगी। विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि कम दूरी से विद्युत आपूर्ति होने के कारण बिजली की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

### सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजन आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए है। संबंधित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# चोरों का आतंक, एक रात में टूटे 6 घरों के ताले



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिले के नगर पालिका परिषद पंडरिया में बुधवार को रात एक ही रात में 6 घरों के ताले टूटे हैं। एक साथ इतने घरों में चोरी से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अपने घरों को छोड़कर जाने में सोचने को मजबूर हो गए है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

पंडरिया नगर पालिका क्षेत्र के पाढ़ी जाने वाले मार्ग में बसे लोगों के घर में नकदी व गहनों की चोरी हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये से अधिक की बताई जा रही है।

पंडरिया नगर से बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। पाढ़ी रोड इलाके में चोरों ने एक ही रात में 6 घरों को निशाना बनाकर पूरे शहर में दहशत फैला दी है। देर रात अज्ञात बदमाशों ने घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक करीब 25 से 30 लाख रुपए की चोरी बताई जा रही है। जिसमें सोना चांदी जेवरात और कीमती सामान शामिल है। घटना का खुलासा होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों में डर के साथ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं के बाद अब पंडरिया पुलिस की गस्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

#### जांच में जुटी पुलिस टीम

मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पंडरिया पुलिस इस घटना के बाद हरकत में आई है। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर चोरों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा किया है। एक साथ इतने घरों में चोरी की घटना सामने आने से पंडरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान खड़े हो रहे है। शहरी क्षेत्र में पेट्रोलिंग के बाद भी चोरी समझ से परे है,या फिर पुलिस रात में पेट्रोलिंग के नाम पर केवल औपचारिकता निभा रही है।

### समाधान शिविर शासन व आमजन के बीच का सेतु डिप्टी सीएम

# जमीन पर बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरुवार को ग्राम पंचायत बम्हनी में आयोजित सुशासन तिहार का समाधान शिविर में ग्रामीणों के लिए सीधे संवाद का मंच बन गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यहां जमीन पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कई ग्रामीण अपने आवेदन लेकर पहुंचे थे। उप मुख्यमंत्री ने एक-एक बात ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन, प्रशासन और आमजन के बीच का सेतु है। लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो यह प्रयास होना चाहिए।

ग्रापं बम्हनी में 24 गांवों के क्लस्टर को शामिल करते हुए शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी परिवार के लिए पीएम आवास सिर्फ एक मकान नहीं होता, बल्कि वर्षों से देखे गए उस सपने का साकार रूप होता है, जहां परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में पीएम आवास की स्वीकृति का निर्णय इसी सोच और प्रतिबद्धता का हिस्सा था।

उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में बम्हनी सेक्टर की 24 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 8066 आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 7069 आवास पूर्ण हो चुके हैं। वहीं वर्ष 2025-26 में 1822 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 480 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

#### हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

समाधान शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उन्होंने 13 हितग्राहियों को पेंशन पत्र, 3 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 25 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 14 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 7 हितग्राहियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रमाण पत्र, 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 हितग्राहियों को आबादी पट्टा तथा किसानों को किसान पुस्तिका, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और कृषि ऋण चेक वितरित किए। इस दौरान कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र खेमलाल गंधर्व को भी सम्मानित किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विभाग ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**कवर्धा।** राज्य शासन के "सही दवा, शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दातार इंटरप्राइजेस नवीन बाजार, प्राची आइसक्रीम भागुटोला और माही आइस कैंडी घोटिया रोड सहित अन्य आइसक्रीम पार्लर, निर्माण इकाइयों एवं एजेंसियों में खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संचालकों को स्वच्छता, भंडारण एवं लेबलिंग संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा नियमों के कड़ाई से पालन के लिए निर्देशित किया गया।

# आपसी रंजिश के चलते ननंद ने रची साजिश, भाभी की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा।

कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में बीते दिनो मिली एक महिला की निर्वस्त्र लाश का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी भाभी की हत्या कर तथा शव को निर्वस्त्र कर साजिश रची थी। इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सिंगारपुर निवासी फलित छेदैया ने थाना सहसपुर लोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी बेलसिया छेदैया आयु 32 वर्ष गत 3 मई 2026 की शाम खेत में काम करने गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। तलाश करने पर सूचना मिली कि उसके खेत में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर उसने अपनी पत्नी को मृत अवस्था में पाया, जिसके सिर और माथे पर गंभीर चोट के निशान थे।

घटना की सूचना मिलते ही थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अमित पटेल एवं एसडीओपी कृष्णा कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा ने आरोपी की तलाश के लिए चार अलग-अलग टीमें गठित कीं।

## ननंद ने भाभी की रपली से हत्या कर शव को निर्वस्त्र कर रची साजिश

### पुलिस ने बरामद किया रपली, हंसिया आदि

जांच के दौरान घटनास्थल से रपली, हंसिया, धमेला, पानी की बोतल, टूटी चूड़ियां, ब्लाउज और शर्ट के बटन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। पूछताछ में मृतिका और उसकी ननंद मालती मरकाम के बीच लगातार विवाद की बात सामने आई। संदेह के आधार पर मालती मरकाम से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तारी कर आगे की कार्यवाही की है।



### भाभी और ननंद के बीच थी आपसी रंजिश, तंग आकर की बारदात

आरोपी मालती मरकाम ने पुलिस को बताया कि उसकी भाभी अक्सर उसे ताने देती थी और परिवार के लोगों को उसके खिलाफ भड़काती थी। इसी रंजिश के चलते उसने हत्या की योजना बनाई। घटना वाले दिन वह अपनी भाभी का पीछा करते हुए खेत पहुंची और पीछे से धक्का देकर गिराने के बाद रपली से उसके सिर पर लगातार वार कर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव के कपड़े फाड़कर घटना को दूसरी दिशा देने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले की कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, साइबर सेल टीम, एफएसएल टीम तथा थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निर्माण एजेंसियों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तार-तार

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती पीएम जनमन योजना, चल रहा थूक-पॉलिश वाला काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम जनमन जिसका उद्देश्य सुदूर वनांचलों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों तक विकास पहुंचाना है, अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

पंडरिया ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले आदिवासी अंचलों में निर्माण एजेंसियों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उदाहरण के तौर पर अंचल की दो सड़कों को देखा जा सकता है जिसमें से एक माठपुर से नागाडबरा लंबाई 4.30 किलो मीटर और राशि 250.49 लाख तथा दूसरी मझोली रवन से आवासपारा बिचारपुर तक बनने वाली 1.6 किलोमीटर लंबी सड़क का है।

इस सड़क के लिए 74.19 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है। दोनों ही सड़कों के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसियों द्वारा सुदूर क्षेत्र होने का जम कर फायदा उठाया गया है। यहां जंगल में मोर नाचा किसने देखा वाली कहावत चरितार्थ हुई है। सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और तकनीक, मानकों के विपरीत है, जिसे स्थानीय लोग थूक-पॉलिश वाला काम कह रहे हैं। तकनीकी बारीकियों पर नजर डालें तो भ्रष्टाचार की परतें साफ दिखाई देती हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का बेस तैयार करने में मानकों की अनदेखी की गई है। डामर की मोटाई इतनी कम रखी गई है कि सड़क बिछने के साथ ही उखड़ने लगी है। न तो पर्याप्त गिट्टी डाली गई और न ही रोलिंग सही तरीके से की गई। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्य पूर्णता की समय सीमा के दबाव में केवल कागजी खानापूर्ति करने के लिए आनन-फानन में घटिया निर्माण किया गया है। यह भी आरोप है कि सड़क के लिए मुरुम का अवैध उत्खनन पास के जंगल से किया गया। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद वन संपदा का दोहन कर सड़क में खपाया गया, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है।

ग्रामीणों का कहना है कि वनांचल क्षेत्र होने के कारण यहां न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचता है और न ही कोई टोकने वाला है। इसी का फायदा उठाकर ठेकेदार और एजेंसियां अपनी मर्जी से काम कर रही हैं। बिना किसी तकनीकी मापदंड के बनाई जा रही ये सड़कें पहली बारिश भी झेल पाने में सक्षम नहीं दिख रही हैं।




### कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग

अंचल के सजग नागरिकों और ग्रामीणों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की जाए। मौके पर जाकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण हो। भ्रष्टाचार में संलिप्त एजेंसियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। क्योंकि सवाल केवल इन्हीं दो सड़कों का नहीं है बल्कि पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत अन्य सड़कों और भवन निर्माण कार्यों पर भी क्या प्रशासन इन आदिवासी अंचलों की सुध लेगा, या सरकारी खजाने की राशि इसी तरह भ्रष्टाचार की बलि चढ़ती रहेगी? स्थानीय लोग अब शासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें उनके हक की पक्की और टिकाऊ सड़क मिल सके।

### दोनों सड़कों में सभी तकनीकी मानकों का पालन किया गया है

इन दोनों सड़कों के निर्माण में सभी तकनीकी मानकों का पालन किया गया है। जहां तक मुरूम का मामला है तो वह खनन विभाग से संबंधित है अतः इस संबंध में वही बता सकते हैं।

- **श्री देशमुख,** अनुविभागीय अधिकारी पीएमजीवाय पंडरिया



# पेंशन निर्णय की सुरक्षा के लिए एसोसिएशन की कैविएट दायर

- पूर्व सेवा से पेंशन लेने हर संभव प्रयास रखेंगे जारी: एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी मामले में अपने पक्ष को मजबूती से रखने और किसी भी एकपक्षीय निर्णय को रोकने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली में पांच मई को कैविएट दाखिल किया है।

यह कैविएट एसोसिएशन के कोंडागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नाम से एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड आशुतोष घड़े के माध्यम से दायर किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि यह मामला सन 2021में छग उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा डब्ल्यूपीएस. क्रमांक 5699 में 17 फरवरी 2026 तथा सन 2026 के डब्ल्यूए. क्रमांक 325 में 23 अप्रैल 2026 को पारित निर्णय से संबंधित है।

चूंकि राज्य सरकार या अन्य पक्ष इन फैसलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर सकते हैं, इसलिए एसोसिएशन ने पहले ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिया है। इसके लिए किसी शिक्षक से आर्थिक सहयोग नहीं लिया गया है। शिक्षकों को राशि एकत्र करने वालों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। कैविएट दायर होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शिक्षकों का पक्ष सुने बिना कोई भी स्थगन आदेश या विपरीत फैसला नहीं दे सकेगा। यदि राज्य सरकार या कोई अन्य पक्ष सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाता है, तो न्यायालय के लिए कैविएटर को नोटिस जारी करना और सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य होगा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने कहा कि शिक्षकों के न्यायसंगत अधिकारों और उच्च न्यायालय से मिली जीत को बरकरार रखने के लिए यह कानूनी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक था। टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों की सेवा शर्तों और कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सर्वोच्च अदालत तक तत्परता से खड़ा है।

साथ ही सांगठनिक स्तर से भी संविलियन पूर्व प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन के लिए सरकार से विभिन्न माध्यम से चर्चा कर प्रयास किया जाएगा।

### हाई कोर्ट के निर्णय की प्रमुख बातें

हाई कोर्ट बिलासपुर ने रमेश कुमार चंद्रवंशी, ऋषिदेव सिंह सहित अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिनांक 23 जनवरी, 17 फरवरी, 3 मार्च एवं 1 मई 2026 को दिए गए फैसले में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले की गई सेवा को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सेवा की निरंतरता, कार्य की प्रकृति, वेतन के स्रोत और प्रशासनिक नियंत्रण के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया है कि पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि एक कल्याणकारी योजना है जिस पर कर्मचारियों का अधिकार है। इन सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार को निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

भारतीय किसान संघ तहसील बोडला की मासिक बैठक 6 मई को बोडला में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर संबंधित विभागों के माध्यम से उनके निराकरण की मांग उठाई गई।




किसानों ने राजस्व संबंधी मामलों में भूमि सीमांकन, खसरा बटांकन, सोसायटी में चना खरीदी तथा खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

बैठक के बाद भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने तहसीलदार बोड़ला को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की। इस पर तहसीलदार ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, सहमंत्री रूपेंद्र तिलकवार, तहसील अध्यक्ष पंकज वर्मा, मंत्री कैलाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष बाला चंद्रवंशी, नंदकुमार चंद्रवंशी, आजुराम चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, संयोजक सुखनंदन साहू, हिन्छा साहू, श्रवण चंद्रवंशी, ग्राम समिति अध्यक्ष बिनोद चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के कई किसान उपस्थित रहे।

# उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिकाओं के उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत स. लोहारा के अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों द्वारा किए गए निर्वाचन व्ययों के निरीक्षण हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी तथा निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया है। जारी आदेशानुसार श्री जायसवाल, प्रशासकीय लेखाधिकारी, कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, कबीरधाम को नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार निर्वाचन व्यय संपरीक्षक सहायक के रूप में सतीश जायसवाल, सहायक ग्रेड-2, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), स. लोहारा, टीएल निषाद, सहायक ग्रेड-3, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स. लोहारा तथा रोहित कुमार साहू, सहायक ग्रेड-3, कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी, स. लोहारा को नियुक्त किया गया है।

# बाल विवाह रोकने संयुक्त टीम की त्वरित कार्रवाई, परिजनों को दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना आशा" के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कु. संघरत्ना भतपहरी के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम अमन तिग्गा के मार्गदर्शन में जिले में लगातार विधिक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला कबीरधाम के एक नगरीय निकाय क्षेत्र में विधि प्रतिकूल रूप से अवयस्क बालकों का विवाह संपन्न कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर गठित संयुक्त टीम द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही की गई। संयुक्त टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन, जिला पुलिस कबीरधाम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलव्ही शामिल रहे। टीम ने विवाह स्थल पर पहुंचकर संबंधित



बालकों के परिजनों एवं उपस्थित सामाजिक जनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के दण्डात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। टीम द्वारा परिजनों को समझाइश देते हुए बताया गया कि विवाह के लिए विधि द्वारा निर्धारित आयु की पूर्णता आवश्यक है तथा बाल विवाह कानूनन अपराध है।

समझाइश के दौरान सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित बालकों को पीएलव्ही द्वारा आवश्यक विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजना आशा का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संबंध में आमजन में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि बालकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसकी सूचना तत्काल चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के दूरभाष नंबर पर दें।

## पशिचम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद प्रथम नगर आगमन

# बंगाल विजय पर विजय शर्मा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रथम कवर्धा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों द्वारा जोरदार, भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान लगभग एक माह तक पार्टी संगठन द्वारा विजय शर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने लगातार विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर संगठन को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने एवं चुनावी रणनीति को धरातल तक पहुंचाने का कार्य किया। बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कवर्धा पहुंचने पर स्थानीय ठाकुर देव चौक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने फूलमाला, ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं जयघोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। पूरा क्षेत्र "भारत माता की जय, "विजय शर्मा जिंदाबाद एवं "भाजपा विजय अभियान के नारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने लोकतंत्र, सुशासन और सुरक्षा के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक भावना और राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण से ही यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और जनविश्वास की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा भाजपा की विचारधारा अब पूरे देश में जनआंदोलन का रूप ले चुकी है।



### स्वागत कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

इस स्वागत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ नगरवासियों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने आगे बढ़कर प्रदेश के उप मुख्य मंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें फूल-माला भेंट किए।

# नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता बरामद




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सुनियोजित कार्रवाई की गई।

प्रकरण में प्रार्थी ने थाना कोतवाली कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 5 मई 2026 की रात्रि घर से बिना बताए लापता हो गई है। शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की गई।

### पीड़िता तिवारी नवागांव से सकुशल बरामद

विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम तिवारी नवागांव में दबिश दी, जहां से 6 मई 2026 को पीड़िता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता के कथन एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा 64(2)(एम), 87 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 06 जोड़ी गई।